सी.आई.डी. अपराध शाखा के 102 पुलिसकर्मियों का सम्मान कल होगा

पुलिस मुख्यालय में होने वाले समारोह में इन्हें डीजीपी डिस्क, सेवा पदक व सेवा चिन्ह दिया जायेगा

जयपुर (कासं)। राजस्थान पुलिस की सीआईडी अपराध शाखा के 102 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को सोमवार को पुलिस मुख्यालय के चतुर्थ तल पर आयोजित अलंकरण समारोह में डीजीपी डिस्क, अति उत्कृष्ट सेवा पदक, उत्कृष्ट सेवा पदक, सर्वोत्तम सेवा चिन्ह एवं अति उत्तम सेवा चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया जा रहा है।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (अपराध शाखा) राजस्थान, जयपुर दिनेश एम.एन. इस अवसर पर उत्कृष्ट, सराहनीय एवं प्रशंसनीय सेवाएं प्रदान करने वाले 33 पुलिस अधिकारियों व कर्मियों को डीजीपी डिस्क, 14 पुलिसकर्मियों को अति उत्कृष्ट सेवा पदक, 19 पुलिस कर्मियों को उत्कृष्ट सेवा पदक, 14 पुलिस कर्मियों को सर्वोत्तम सेवा चिन्ह तथा 22 पुलिस कर्मियों को अति उत्तम सेवा चिन्ह प्रदान कर सम्मानित करेंगे। डीजीपी डिस्क से सम्मानित होने वालों में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोरधन लाल सौंकरिया, सतीश कुमार यादव, शालिनी राज, भरत राज, पुलिस उप अधीक्षक प्रवेंद्र सिंह महला, ओमप्रकाश मीना, पुलिस निरीक्षक उमेश बेनीवाल, अन्तिम शर्मा, राम सिंह नाथावत, बृजभान सिंह (सेवानिवृत्त), उप निरीक्षक कदीर खान, सहायक उप निरीक्षक मुकेश राजावत व अमरचंद, हैड कांस्टेबल मोहम्मद यूनुस खान, बृजेश कुमार निगम, उस्मान अली, सुरेंद्र कुमार शर्मा व शंकर दयाल शर्मा, कांस्टेबल भूपेंद्र कुमार, महेंद्र कुमार, दिनेश कुमार, नेतराम सैनी, अशोक सिंह, अशोक कुमार वर्मा, रामचंद्र, गिरवर सिंह, मनोज कुमार, नरेंद्र कुमार सैनी, सुभाष चन्द गोरेडा, सूरजमल, शंकर लाल, मनीष कुमार एवं अमन कुमार शामिल है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोरधन लाल सौंकरिया व भरत राज, पुलिस उप अधीक्षक प्रवेंद्र सिंह महला, पुलिस निरीक्षक राम सिंह नाथावत, कांस्टेबल भूपेंद्र कुमार, रामचंद्र व गिरवर सिंह दूसरी बार डीजीपी डिस्क प्राप्त कर रहे हैं।

पुलिस निरीक्षक राम सिंह, उप निरीक्षक महेश कुमार टांक, जसवंत सिंह, राजेश कुमार शर्मा व बाबूलाल, हैड कांस्टेबल हरि सिंह कर्णावत, बृजेश कुमार निगम व गोपाल लाल, कांस्टेबल सूरजमल, वासुदेव गोस्वामी, सीताराम सामरिया, गोपाल बहादुर रांका, गिरधारी लाल व जुगल किशोर शर्मा को अति उत्कृष्ट सेवा पदक प्रदान किया जाएगा।

पुलिस निरीक्षक सुनील शर्मा व उम्मेद सिंह, उप निरीक्षक राम सिंह, सहायक उप निरीक्षक सुरेंद्र सिंह व बनवारी लाल शर्मा, हैड कांस्टेबल राजकुमार, सुशीला यादव व कृष्णा नायक, कांस्टेबल राकेश कुमार, स्वामी शरण, श्याम लाल, अमित कुमार भरतपाल यादव सत्यवीर दिलीप सिंह सुमन कुमारी व बीज राज, कांस्टेबल चालक रतनलाल मीणा, रमेश चन्द शर्मा व दिनेश चन्द शर्मा को उत्कृष्ट सेवा पदक प्रदान किया जाएगा।

उप निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद, हैड कांस्टेबल खेम सिंह गौड, ओमप्रकाश बैरवा, संजय कुमार, जय सिंह मीणा, ओम प्रकाश, पवन कुमार शर्मा, किशोर सिंह, पृथ्वी पाल सिंह व कालूराम मीणा, कांस्टेबल राजकुमारी, कुतुबुद्दीन, सलीम खान व हरलाल सर्वोत्तम सेवा चिन्ह से सम्मानित होंगे।

हैड कांस्टेबल दौलत सिंह, दिवाकर प्रसाद, सूरज कुमार, रामेश्वर सिंह व आत्माराम, कांस्टेबल कैलाश चन्द, कुशल चन्द, दातार सिंह, मेघ चन्द, सतवीर सिंह, जितेंद्र सिंह, जतन लाल, राजेश कुमार, सांवरमल, कैलाश चंद्र, कमलेश कुमारज़ प्रमोद कुमार, विशम्भर दयाल, अशोक कुमार व महेंद्र सिंह, कांस्टेबल चालक सज्जन सिंह व शिवपाल सिंह अति उत्तम सेवा चिन्ह प्राप्त करेंगे।

मोतीडूंगरी मंदिर में हुआ भगवान गणपति का पंचामृत अभिषेक

पुष्य नक्षत्र अभिषेक के साथ नौ दिवसीय 'गणेशोत्सव' का शुभारंभ

जयपुर (कासं)। पुष्य नक्षत्र के विशेष योग पर पंचामृत अभिषेक के साथ ही श्रीमोतीडूंगरी गणेश मंदिर में शनिवार से गणेश जन्मोत्सव का शुभारंभ हुआ।

महंत कैलाश शर्मा के सानिध्य में गणेशजी महाराज का दूध, दही, घी से अभिषेक किया गया। भगवान गणेश का 251 किलो दूध, 25 किलो बूरा, 50 किलो दही, 11 किलो शहद, 11 किलो घी से अभिषेक किया गया। साथ ही गुलाब जल, केवड़ा जल व इत्र से भी अभिषेक किया गया। मंदिर महंत कैलाश शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर 501 महिलाएं मोती डूंगरी तक कलश यात्रा लेकर आई। अभिषेक के बाद भक्तों को रक्षा सूत्र और हल्दी प्रसाद निःशुल्क वितरित किये गए। अभिषेक के बाद भगवान श्री का ध्वज पूजन हुआ और मन्दिर में नया ध्वज चढ़ाया गया। भगवान श्रीगणेश जी के 1008 मोदक अर्पित किए गए।

- **भगवान विनायक को चांदी का विशेष मुकुट और नई ध्वजा धारण कराई गई, शाम को हुआ ध्रुपद गायन**
- **रविवार को छप्पन भोग की झांकी सजेगी, कत्थक नृत्य भी होगा**

मोतीडूंगरी गणेश मंदिर में शनिवार को पुष्य नक्षत्र में भगवान का पंचामृत से अभिषेक किया गया।

जन्मोत्सव के शुभारंभ पर भगवान श्रीगणेश की चांदी से निर्मित 5.9 किलो ग्राम का रत्न जड़ित मुकुट धारण करवाया। यह मुकुट जयपुर में सालभर में तैयार हुआ है। शाम को संगीत समारोह की शुरुआत ध्रुवपद गायन से हुई। ध्रुवपदाचार्य पद्मश्री पंडित लक्ष्मण भट्ट तैलंग की शिष्या और उनके शिष्य मंडली ने लगभग तीन घंटे तक ध्रुवपद की पारंपरिक और नवाचारों से युक्तसुरीली गायकी प्रस्तुत की। जन्म बधाई की स्वरचित धमार रचना गौरी गृह बाजे मंगल बधाई.. प्रस्तुत की। मधु ने ध्रुवपद की स्वरचना गणपति राज आओ आना पडेगा... रागतोडी सूलताल में सुनाई। पराग भट्ट ने बताया कि श्याम सुंदर शर्मा ने बताया कि हर उम्र के कलाकरों ने प्रस्तुति दी। अंत में कलाकारों को सम्मानित किया। वही मंदिर में भक्तों की ओर से 11, 21, 108 मोदक अर्पित करने का सिलसिला जारी है। पांच सितंबर तक पांच हजार से अधिक जयपुर और देशभर के भक्त मोदक अर्पित करेंगे। पहली बार जन्मोत्सव के तहत रविवार को 56 भोग, सोमवार को ड्राइफूटस, फलों और मंगलवार को दुर्वा और केले के पत्तों की विशेष झांकी सजेगी। आज शाम सात बजे कत्थक की प्रस्तुति होगी। मंदिर के गर्भगृह के बाहर सोने की परत चढ़ाने का कार्य अंतिम चरण में है। रंग बिरंगी रोशनी में स्वर्ण आभा की छटा देखते ही बन रही है। आठ सितंबर को शोभायात्रा में अलग-अलग समाजों की झांकी खास रहेगी। इससे एकजुटता का संदेश दिया जाएगा।

संस्कृत भाषा के संरक्षक थे स्वामी राघवाचार्य : दुबे

जयपुर । रामानंद संप्रदाय की ऐतिहासिक सिद्ध अग्रदेवाचार्य पीठ, रैवासा के स्वामी राघवाचार्य वेदांती के देवलोक गमन पर जगद्गुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय में श्रद्धांजलि सभा हुई। प्रवक्ता शास्त्री कोसलेंद्रदास ने बताया शिक्षकों, अधिकारियों और कार्मिकों के साथ विद्यार्थियों ने महाराज को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। विश्वविद्यालय में श्रद्धांजलि सभा के बाद आधे दिन अवकाश रहा। कुलपति प्रो. रामसेवक दुबे ने कहा कि भारतीय दर्शन के गंभीर अध्ययन से वेदांती उपाधि से विभूषित महाराज ने वाराणसी के संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय से वेदांत में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल प्राप्त किया था। काशी के दक्षिणामूर्ति संन्यास आश्रम में उन्होंने न्याय शास्त्र, व्याकरण और वेदांत का अध्ययन किया। उन्होंने रैवासा धाम में वेद विद्यालय की स्थापना कर हजारों छात्रों व नागरिकों को सनातन धर्म की शिक्षा व संस्कारों से जोड़ा। राजस्थान संस्कृत अकादमी के अध्यक्ष रहते हुए वेद विद्यालय स्थापित किए।

अकाउंटेंट ने होटल में लगाया फांसी का फंदा

जयपुर । बगरू इलाके में एक अकाउंटेंट ने होटल में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सुसाइड से पहले उसने वाट्सअप स्टेट्स पर फोटो के साथ चार पेज का सुसाइड नोट भी लगाया है। सुसाइड नोट में लिखा है कि "मैं अपनी जान दे रहा हूं। प्रभात से दुखी होकर मर रहा हूं। उसे उम्र कैद की सजा हो। वो कहता है कि मैं महापुरा का डॉन हूं, मैं किसी से नहीं डरता। पुलिस मेरे पैर पकड़ती है।"

पुलिस ने बताया कि दहमी कला बगरू के रहने वाले सुनील कुमावत (30) ने सुसाइड किया है। वह बगरू रीको स्थित किस्टल पॉइंट में अकाउंटेंट था। युवक माता-पिता, भाई-भाभी और पत्नी-बच्चों के साथ रहता था। मृतक के पांच और तीन साल के बच्चे हैं। वह 26 अगस्त को वह सुबह नौकरी पर गया था। देर शाम तक घर नहीं लौटा। रात 9:30 बजे कॉल करने पर घरवालों को थोड़ी देर में आने के लिए कहा। घर जाने की बजाय वह छीतरोली स्थित रिद्धि-सिद्धि होटल पहुंच गया। होटल में किराए पर कमरा लेकर रात को रुका। देर रात होटल के कमरे में सुसाइड नोट लिखने के बाद फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। पुलिस ने बताया कि सुसाइड करने की रात को परिजनों ने उसे कई बार कॉल किया था। सुनील ने रिसीव नहीं किया। पहले की तरह बहन या दोस्त के घर जाने की सोचकर घरवाले सो गए। 27 अगस्त की सुबह 7 बजे उठकर वॉट्सऐप स्टेटस देखने पर भाई की फोटो के साथ चार पेज का सुसाइड नोट लगा मिला। इस पर अनहोनी की आशंका के चलते बगरू थाने पहुंचकर भाई के बारे में पुलिस को बताया। मोबाइल लोकेशन छीतरोली स्थित होटल की आने पर वहां पहुंचे। होटल के बाहर पार्किंग में सुनील की बाइक खड़ी मिली। होटल स्टाफ से पूछकर सुनील के बुक कमरे पर पहुंचे। कमरा अंदर से बंद होने पर पुलिस की मदद से धक्का देकर खोला। कमरे के अंदर सुनील का शव लटका मिला। पुलिस ने शव को उतारकर पोस्टमॉर्टम के लिए सीएचसी बगरू के मुर्दाघर में भिजवाया।

- **युवक ने मरने से पहले वाट्स एप स्टेट्स पर फोटो के साथ चार पेज का सुसाइड नोट भी पोस्ट किया**

पुलिस ने बताया कि मृतक ने सुसाइड नोट में लिखा कि "मेरा नाम सुनील कुमावत है। मैं दहमी बालाजी रीको रोड पर रहता हूं। मेरा जन्म 2 अप्रैल 1994 को हुआ था। मैं रीको में किस्टल पॉइंट में अकाउंटेंट हूं। मेरे घरवाले बहुत अच्छे हैं। पापा, भाई-बहन सब अच्छे हैं। वाइफ और बच्चे भी अच्छे हैं। मैं पहले केशव प्लाइवुड में काम करता था। वहां 3 साल अकाउंटेंट था। वहां पर 18-20 लड़के काम करते थे, उसमें से एक प्रभात नाम का लड़का भी था। वह महापुरा में रहता था।

प्रभात जाट ने मेरे से 1.40 लाख रुपए ले रखे थे। मैं उससे पैसे मांगता तो वह मुझे बोलता की दूंगा, पैसे आने दे। वो देता नहीं था। उसको बोलते-बोलते 2 साल हो गए, लेकिन पैसे नहीं दिए। मैं अब पैसे मांगता हूं तो वो मेरे को मारने की धमकी देता था। कहता है कि आने दे, जब दूंगा पैसे अभी नहीं है। रक्षाबंधन (19 अगस्त) के दिन मैं वाइफ को आसलपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में सांभर के लिए बैठाने गया था। उस दिन प्रभात जाट और उसके साथ एक लड़का और था। इन्होंने महला से लेकर बोराज तक मुझे बहुत परेशान किया। मैंने वाइफ को कुछ नहीं बोला। फिर में वाइफ को ट्रेन में बैठाकर वापस आ रहा था। आसलपुर और बोराज के बीच में वो खड़े थे। उन्होंने मुझे रुकवाया। मेरे पास से 13 हजार 500 रुपए और डेबिट कार्ड छीन लिया। मेरी बाइक को पंचर कर चले गए। मैंने उनको बोला कि मैं पुलिस को बोलूंगा तो वह बोले तू पुलिस को बोलेगा तो तेरे को और घरवालों को मार दूंगा। फिर चले गए।

सुनील ने आगे लिखा कि मेरी पुलिस से विनती है कि प्रभात को सजा मिलनी चाहिए। उम्र कैद की सजा मिलनी चाहिए। जो प्रभात ने मेरे साथ किया है, वो किसी के साथ नहीं करें। मैं आत्महत्या कर रहा हूं। मेरे मरने का कारण प्रभात जाट है। मैं उससे दुखी होकर मेरी जान दे रहा हूं। मेरी बगरू पुलिस से यही विनती है। उसको उम्र कैद की सजा मिलनी चाहिए। अब मैं कुछ नहीं बोलूंगा, मैं अपनी जान दे रहा हूं। उसका पूरा नाम प्रभात रूडला है, जो महापुरा का है। पुलिस ने सुसाइड नोट के आधार पर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। मामला सामने आने के बाद आरोपी फरार हो गया।

जेल प्रहरी पहुंचा रहा था बंदियों को मोबाइल

जयपुर । लाल कोठी थाना इलाके में स्थित जयपुर सेंट्रल जेल में जेल प्रहरी के ही मोबाइल पहुंचने का मामला सामने आया है। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि ड्यूटी के बाद जेल प्रहरी ने ही पैकेट में बांधकर मोबाइल जेल के अंदर फेंके थे। जेल में फैफे गए तीन पैकटों में मिले बाईस मोबाइल को जब्त किया है। जेल प्रशासन की ओर से थाने में मामला दर्ज करवाया गया है।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है और साथ ही आरोपित जेल प्रहरी के सम्भावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। थानाधिकारी श्रीनिवास जांगिड़ ने बताया कि जेल प्रशासन की ओर से जेल प्रहरी संजय के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है कि आरोपित संजय पिछले काफी समय से जेल में प्रहरी के पद पर तैनात है। गुरुवार देर रात को ड्यूटी पूरी कर वह घर चला गया था। जो गुरूवार-शुक्रवार की मध्यरात्रि वह वापस जेल के पास पहुंचा और जेल की दीवार के पास से तीन पैकेट फैंके। तीसरे पैकेट को फेंकने के दौरान ड्यूटी पर तैनात दूसरी जेल प्रहरी ने उसे देख दिया। पकड़े जाने के डर से आरोपित जेल प्रहरी संजय वहां से भाग निकला। जेल के अंदर चैक करने पर फैके गए तीन पैकेट में बाईस मोबाइल रखे मिले। जेल प्रशासन की ओर से परिसर में मिले मोबाइल को जब्त कर आरोपित जेल प्रहरी संजय के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने आरोपित जेल प्रहरी संजय के खिलाफ मामला दर्ज जांच में जुटी है और साथ ही यह मोबाइल किसने और किन-किन बंदियों के लिए दिए गए है इस बारे में जेल प्रहरी संजय को जल्द हिरासत में लेकर पूछताछ की जाएगी।

सार-समाचार

संगीत आश्रम में गूंजे सदाबहार नगमे

जयपुर । अनेक बाल व युवा कलाकारों ने बॉलीवुड के लेजेंडरी प्लेबैक सिंगर मुकेश के गाए सदाबहार गीतों को अपनी सुरीली आवाज में पेश कर श्रोताओं के दिलों को छू लिया। शास्त्रीनगर स्थित संगीत आश्रम संस्थान की ओर से शनिवार को संस्थान परिसर में सुहाना सफर शीर्षक से संजोई गई सांस्कृतिक संध्या में सुरीले सुरों से एकल व युगल गीतों की माला पिराई गई। कार्यक्रम में करीब 35 कलाकारों ने प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में पुष्पेन्द्र सिंह व हिमांशु वर्मा ने मेरा जूता है जापानी..., जगदीश जीनगर ने वक्त करता जो वफा..., तन्विका दीक्षित ने मैंने तेरे लिए ही सात रंग..., विमर्श स्वामी ने जोश-ए-जवानी..., रियार्शी गोयल ने जाऊं कहां बता ए दिल..., वनिता हीरानी ने ये दिन क्या आए..., अंजली शर्मा ने दिल की नजर से..., गर्विता मंगल ने चंदन सा बदन..., डॉ. मनीष जैन ने जीना यहां मरना यहां..., पीडी गुप्ता ने इक दिन बिक जाएगा..., कशिश कंवर ने ओ मेरे सनम..., निहाल व भूमिका ने सावन का महीना..., मुस्कान कुमावत किसी राह में किसी मोड़ पर..., ममता शर्मा ने मेरा प्यार भी तू है..., गीत शर्मा ने दुनिया बनाने वाले..., वरुण व लक्ष्य शर्मा ने सात अजूबे इस दुनिया में..., प्रीति प्रधान ने चंचल शीतल निर्मल कोमल..., खुशबू कंवर ने हम तो तेरे आशिक हैं...जैसे गीतों से माहौल में सदाबहार गीतों की मेलॉडी घोल दी। इसी प्रकार राशिका कंवर ने क्या खूब लगती हो..., अदित्री मुखर्जी ने कई बार यूं भी देखा है..., सुरेन्द्र रतन ने ओ महबूबा तेरे दिल के पास..., विशाल मलिंडा ने आ लौट के आ..., प्रियंका ने इक प्यार का नगमा है..., सुमित्रा ने जाने कहां गए वो दिन...जैसे गीतों को बेहतरीन सुर, लय और ताल पेश कर प्लेबैक सिंगर मुकेश को गीतों भरी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में अमायरा, तनिश, राघा, मीशा, आलिया, नीत, तनिष्का, हर्ष ने मेरा जूता है जापानी...इन्स्ट्रूमेंटल प्रस्तुति देकर माहौल में रंग जमाया। कार्यक्रम में अकॉर्डियन पर सुलेमान खान, खड़ताल प लोकेश शर्मा, गिटार पर देवांक गुप्ता, तबले पर कार्तिक वर्मा, ऑक्टोपैड पर वरुण जांगिड़ और ढोलक पर सक्षम ने प्रभावी संगत की। संचालन वीना अनुपम ने किया। अंत में संस्थान सचिव अमित अनुपम ने सभी आगन्तुकों का आभार जताया।

शोधार्थियों को कराया फील्ड विजिट

जयपुर (कासं)। राजस्थान विश्वविद्यालय के व्यावसायिक प्रशासन विभाग में शोधार्थियों को शनिवार को रिसर्च फील्ड विजिट "जयपुर रग्स" के तरफ से मानपुरा माचेड़ी गांव में कराया गया। यहां 'रग्स' गांव के रहने वाले लोगों द्वारा तैयार किया जाता हैं और उसके बाद शोधार्थियों को मानसरोवर में फाउंडर से परिचय करवाया गया। साथ में विशेष सत्र और रग्स शो भी शोधार्थियों के लिए करवाया गया। डीन और विभागाध्यस्क प्रो. प्रदीप शर्मा ने बताया कि शोधार्थियो के लिए रिसर्च फील्ड विजिट एक नया दृष्टिकोण लाता है और साथ में उनका रिसर्च के प्रति उत्साह भी बना रहता हैं। इस विजिट में शोधार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। जयपुर रग्स की इस विजिट ने पारंपरिक कला और हस्तशिल्प की अनूठी दुनिया से परिचित कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस विजिट से प्राप्त ज्ञान और अंतर्दृष्टि शोध और अकादमिक क्षेत्रों में योगदान देने के लिए प्रेरणादायक होगी। रिसर्च फील्ड विजिट की व्यवस्था व संचालन डॉ. यदुवीर यादव ने विभाग के अन्य शिक्षकगण के मार्गदर्शन में किया जिसमे प्रो. नवीन माथुर , प्रो. मुकेश जैन, प्रो. बिंदु जैन एवं विभाग के निशांत स्वामी शामिल रहे।

तेज रफ्तार ट्रक ने युवक को कुचला

जयपुर । झोटवाड़ा थाना इलाके में तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की मौत हो गई। घटना दादी का फाटक आरओबी के पास की है। ट्रक की रफ्तार इतनी थी कि वह स्कूटी को टक्कर मारने के बाद उसे बीस मीटर घसीटता हुआ ले गया। ट्रक के नीचे आने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई । हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक और स्कूटी को जब्त कर थाने पर खड़ा करवाया। वहीं घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ट्रक में लोहा भरा हुआ था। घटना शुक्रवार शाम की है। पुलिस इस मामले में फरार ट्रक चालक की तलाश करने में जुटी है। पुलिस ने घटना की जानकारी युवक के परिजनों को देती है। परिजन घटना की जानकारी मिलने के बाद अस्पताल पहुंचे।

स्कूल शिक्षा परिषद आयुक्त ने ली अफसरों की मैराथन बैठक

जयपुर । राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त अविचल चतुर्वेदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए समग्र शिक्षा, स्टार्स प्रोजेक्ट व पीएमश्री योजना के अन्तर्गत संचालित गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा की तथा जिला अधिकारियों को किया निर्देशित किया ।

उन्होंने निर्देश दिए कि राज्य में संचालित बाल वाटिकाओं में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार गतिविधियों को संसाधनों के साथ संचालित किया जाए। राज्य के विद्यालयों में स्मार्ट क्लास तथा आईसीटी लैब इंस्टॉल किए जा रहे है, इस संबंध में फर्म द्वारा आपूर्ति की जा रही सामग्री की गुणवत्ता व इंस्टालेशन प्रक्रिया की वस्तुस्तिथी रिपोर्ट परिषद कार्यालय को दें। विद्यार्थियों में पठन कौशलों के विकास के लिए सितम्बर में आयोज्य रीडिंग कैंपेन के क्रम में पूर्व तैयारी के लिए रीड ए थॉन (3 सितम्बर) कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए क्रियाशील पुस्तकालय, स्मार्ट क्लास रूम, वर्क बुक की उपलब्धता आदि सभी आवश्यक तैयारियों को सुनिश्चित किया जाए। जिला प्रशासन के अधिकारियों जिला कलेक्टर, उपखण्ड अधिकारी व मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद को जिला निष्पादक समिति की बैठक में पीएम-श्री योजना पर प्रस्तुतीकरण जिले में संचालित 1-2 पीएम स्कूलों का विश्लेषण करते हुए दें। उन्होंने कहा कि पीएम-श्री विद्यालयों में लग रहे सोलर पैनल, चल रहे निर्माण कार्यों का सूक्ष्म अवलोकन किया जाए। पुस्तकालय में पुस्तकों की उपलब्धता, विद्यार्थियों को परिवहन भता, यूथ एवं ईको क्लब की गतिविधियों की पालना समय पर की जाए। केजीबीवी में अध्ययनरत बालिकाओं के प्रति पूर्ण संवेदनशीलता रखते हुए सभी जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों द्वारा मापदंडों के अनुरूप सही समय व प्रक्रिया अनुसार केजीबीवी का निरीक्षण किया जाए। बैठक में अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक पूनम प्रसाद सागर, सुरेश कुमार बुनकर, वितीय सलाहकार सुशील शर्मा मौजूद थे।

- **गाइडलाइन्स के अनुरूप तय समय सीमा में सभी कार्य करने के निर्देश**

राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त अविचल चतुर्वेदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए अधिकारियों की बैठक ली।

उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने आमजन के बीच मनाया जन्मदिन

जयपुर (कासं)। उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने आज शनिवार को अपना 55वां जन्मदिवस मनाया। इस अवसर पर जयपुर एवं दूदू विधानसभा क्षेत्र के निवासियों ने हजारों की संख्या में उपमुख्यमंत्री का दिल खोलकर स्वागत-अभिनंदन किया और जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने फूल बरसा कर जगह-जगह उनका भव्य स्वागत किया। डॉ. बैरवा ने भी पूरी आत्मीयता के साथ सभी का अभिवादन और शुभकामनाएं स्वीकार कीं। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, केंद्रीय राज्यमंत्री एवं अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी, सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधीकरण उपस्थित रहे। अपने दिन की शुरुआत उप मुख्यमंत्री ने मोती डूंगरी श्रीगणेश मंदिर दर्शन से की। मानसरोवर वीर तेजाजी मंदिर दर्शन के बाद बाणियावाली स्थित गौशाला पहुंचे। इसके पश्चात विभिन्न जगहों पर उपमुख्यमंत्री का स्वागत सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। रेनवाल मांजी, हरसुलिया स्टैंड, लदाना मोड, फागी सहित रामनाडा, चौरू मोड, मौजमाबाद एवं विभिन्न स्थानों से होते हुए 500 गाड़ियों का काफिला दूदू स्थित श्री शैलेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में पहुंचा। अपने लोकप्रिय नेता की एक झलक देखने और शुभकामनाएं देने के लिए लगभग 30 हज़ार लोग उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री ने भी इस दौरान सभी से आत्मीयता पूर्वक संवाद किया। उत्साहित जनसमूह अपने प्रिय डॉ बैरवा के समर्थन में नारे लगा रहा था।

उपस्थित जन समूह के असीम स्नेह और शुभकामनाओं से अभिभूत हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा की जन्म दिवस के अवसर पर दूदू विधानसभा क्षेत्र के श्री शैलेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में आयोजित जन आशीर्वाद कार्यक्रम में उपस्थित समस्त पदाधिकारियों, देव तुल्य कार्यकर्ताओं, एवं सम्मानित जनता-जनार्दन द्वारा प्रदत्त शुभकामनाएं एवं स्नेहाशीष के लिए हृदय की गहराइयों से आभार व्यक्त करता हूं। इस अवसर पर मेरे स्वागत के लिए आप सभी ने जिस प्रकार अपने प्रेम और आशीर्वाद की अविरल वर्ष की है उसे शब्दों में व्यक्त करना मेरे लिए अत्यंत कठिन है। उन्होंने कहा कि आप सबके द्वारा प्रदत्त यह अमूल्य आशीर्वाद ही आपणो अग्रणी राजस्थान के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को साकार करने के लिए मेरी कार्य शक्ति को अद्वितीय बल प्रदान करता है।

जेवर-नकदी चोरी

जयपुर । विद्याधर नगर इलाके में सूने मकान से चोर 10 लाख रुपए के जेवर व नकदी ले गए। पुलिस ने बताया कि नया विद्याधर नगर निवासी दीपक खंडेलवाल ने मामला दर्ज करवाया कि वह परिवार के साथ बाहर घूमने गया था। घर लौटा तो मकान का ताला टूटा था और जेवर-नकदी गायब थे।

ए.एस.आई. का मोबाइल ले भागा बाइक सवार बदमाश

जयपुर । राजधानी में इन दिनों बदमाशों के हौसले काफी बुलंद होते नजर आ रहे है। इसका अंदाजा इस वारदात को देखकर लगाया जा सकता है। एक शातिर बदमाश अशोक नगर थाना इलाके में एएसआई के हाथों से मोबाइल फोन छीन फरार हो गया। वारदात के बाद इंसाफ कि आस लेकर पीड़ित एएसआई थाने पहुंचा तो वहां भी पुलिसकर्मियों ने लूट की वारदात की जगह केवल गुमशुदगी दर्ज कर अपना पल्ला झाड़ लिया।

सी-स्कीम, सुभाष मार्ग निवासी विजय कुमार मीणा राजस्थान पुलिस महकमें में एएसआई के पद पर कार्यरत है। शुक्रवार दोपहर विजय कुमार अशोक नगर इलाके में स्थित उधोग भवन के सामने से अपने मोबाइल फोन पर बात करते हुए रोड पार कर रहे थे। इसी दौरान पीछे से बाइक सवार दो बदमाश आए और झपट्टा मार कर उसके हाथ मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए। अचानक हुई इस वारदात से विजय हड़बड़ा गया और बाइक के नंबर नहीं देख पाया।

- **शिकायत लेकर पीड़ित अशोक नगर थाने पहुंचा तो वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने लूट के बजाय गुमशुदगी दर्ज कर इतिश्री कर ली**

पीड़ित विजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि वारदात के बाद उन्होने तुरंत पुलिस को इस मामले की जानकारी दी। लेकिन काफी देर इंतजार करने के बाद जब कोई मदद नहीं मिली तो उसने थाने पहुंच कर इस मामले की जानकारी पुलिस को दी। लेकिन पुलिस ने महकमे का भी लिहाज नहीं किया और लूट की वारदात को गुमशुदगी में दर्ज कर इतिश्री कर ली।

सहकारिता विभाग की पदोन्नति में भेदभाव?

जयपुर । सहकारिता विभाग में हुई पदोन्नितयों में आरक्षित वर्ग (एससी-एसटी) के वरिष्ठ अफसरों की वरीयता नजर अंदाज करके अनारक्षित वर्ग (जनरल) के कनिष्ठ अफसरों को नियम विरुद्ध पदोन्नित देने का मामला सामने आया है।

सूत्रो की मानें तो सहकारिता विभाग ने 30 अगस्त को विभागीय पदोन्नतियां की थी। इसमें एस.टी. वर्ग के उप रजिस्ट्रार विकास जैफ को पदोन्नत करके संयुक्त रजिस्ट्रार तो बना दिया गया, लेकिन उनकी जगह पर उपरजिस्ट्रार के पद पर किसी एस.टी. वर्ग के अधिकारी को पदोन्नत करके नहीं लगाया गया। बताया जा रहा है कि सभी उप रजिस्ट्रार अवतार मीना, गुलाब मीना, हेमंत मीना व अन्य, जो कि एस.सी-एस.टी वर्ग के अधिकारी हैं, उनकी वरीयता की अनदेखी करते हुए कनिष्ठ अफसरों को संयुक्त रजिस्ट्रार बना दिया गया।

सूत्रों का कहना है कि वर्ष 2016 में सीधी भर्ती के जरिए जिन अफसरों ने सहायक रजिस्ट्रार सहकारिता के पद पर ज्वाइनिंग की थी, उन्हें प्रमोशन दिया गया है। जबकि मूल वरीयता में यह अधिकारी वर्ष 2014-15 और 2015- 16 की वरीयता लिस्ट में शामिल अफसरों से पीछे हैं।

- **आरक्षित वर्ग के वरिष्ठ अफसरों की वरीयता नजरअंदाज कर कनिष्ठ अफसरों को पदोन्नत करने का मामला सामने आया**

ऐसे में अब सवाल उठने लगे हैं कि आखिर सहकारिता विभाग ने किस आधार पर वरिष्ठ अफसरों को नजरअंदाज करके वर्ष 2015-16 की सीधी भर्ती से सहायक रजिस्ट्रार बने अफसरों को संयुक्त रजिस्ट्रार बनाने में वरीयता दी। जबकि नियम अनुसार सबसे पहले मूल वरीयता वाले सीनियर अफसरों को पदोन्नित दी जानी थी।

सूत्रों ने बताया कि एसटी वर्ग के उप रजिस्ट्रार विकास जैफ को जिस प्रकार पदोन्नत करके संयुक्त रजिस्ट्रार बनाया गया है, उसी तरह अन्य उप पंजीयक (एसटी वर्ग) के अफसरों को भी मूल वरीयता के आधार पर संयुक्त रजिस्ट्रार बनाया जाना चाहिए था। सहकारिता विभाग के कुछ अफसरों का कहना है कि 30 अगस्त को की गई पदोन्नतियां कार्मिक विभाग के 11 सितंबर 2011 के आदेश के भी विरूद्ध है।

बताया जा रहा है कि, पारिणामिक वरीयता सूची से अनुसूचित जाति के लिए 16 प्रतिशत तथा अनुसूचित जनजाति के लिए 12 प्रतिशत से अधिक पदोन्नति नहीं होने का नियम हैं। इसके लिए कार्मिक विभाग की अधिसूचना सं. प.7 (3) कार्मिक/क-2/08, दिनांक 11.09.2011 प्रचलित है।

किन्तु यह और कि आरक्षित प्रवर्ग का स्वयं की योग्यता से अनारक्षित प्रवर्ग की रिक्ति के प्रति नियुक्त कोई अभ्यर्थी पद की मूल वरीयता में रहे अथवा पारिणामिक वरीयता सूची में आ जाये और अगले उच्च पद पर उसके प्रवर्ग की रिक्ति नहीं हो; अर्थात् अनारक्षित प्रवर्ग की रिक्ति ह